11. 'महाभारत की एक साँझ' एकांकी तात्विक विवेचना कीजिए।

12. जीवनी के स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए हिन्दी में जीवनी लेखन का विवरण दीजिए।

13. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर टिप्पणियाँ लिखिए :

(i) संस्मरण

(ii) डायरी

(iii) रिपोर्ताज

(iv) एकांकी

HD–03

December – Examination 2023

B.A. (Part-II) Examination

हिन्दी साहित्य

[हिन्दी गद्य भाग-II (नाटक एवं अन्य विधाएँ)]

Paper : HD-03

Time : 3 Hours] [*Maximum Marks : 70*

निर्देश :- यह प्रश्न-पत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड—अ **7×2=14**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम **30** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।

1. निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) कलाधर किस उपनाम से जाने जाते हैं ?

(ii) आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी किस पत्रिका का सम्पादन करते थे ?

(iii) रेडियो रूपक किसे कहते हैं ?

(iv) 'अदम्य साहस' किस विधा की रचना है ?

(v) डॉ. रामविलास शर्मा किस विचारधारा के आलोचक हैं ?

(vi) नाटक में नायक के भेद बताइए।

(vii) महादेवी वर्मा के **दो** संस्मरणों का नामोल्लेख कीजिए।

खण्ड—ब **4×7=28**

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **200** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 7 अंक का है।

2. निम्नलिखित की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

''मनुष्य को सुख कैसे मिलेगा ? बड़े-बड़े नेता कहते हैं, वस्तुओं की कमी है और मशीनें बैठाओ और उत्पादन बढ़ाओ और धन की वृद्धि करो और बाह्य उपकरणों की ताकत बढ़ाओ। एक बूढ़ा कहता था—बाहर नहीं, भीतर की ओर देखो। हिंसा को मन से दूर करो, मिथ्या को हटाओ, क्रोध और द्वेष को दूर करो, लोक के लिए कष्ट सहो, आराम की बात मत सोचो, प्रेम की बात सोचो। आत्मतोषण की बात सोचो काम करने की बात सोचो। उसने कहा प्रेम ही बड़ी चीज है, क्योंकि वह हमारे भीतर है।''

3. निम्नलिखित की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

''साहब ने कुटिल मुस्कान के साथ कहा, मगर वज़न चाहिए। आप समझे नहीं। जैसे आपकी यह सुन्दर वीणा है; इसका भी वजन भोलाराम की दरख्वास्त पर रखा जा सकता। मेरी लड़की गाना-बजाना सीखती है। यह मैं उसे दे दूँगा। साधु-संतों की वीणा से तो अच्छे स्वर निकलते हैं।''

4. 'मेरा बचपन' आत्मकथांश के सामाजिक उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

5. हिन्दी रिपोर्ताज के विकास में रांगेय राघव के योगदान को उल्लेखित कीजिए।

6. हरिवंश राय बच्चन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का परिचय दीजिए।

7. 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक की प्रधान नायिका है। सिद्ध कीजिए।

8. एकांकी के आधार पर युधिष्ठिर का चरित्र-चित्रण कीजिए।

9. 'उत्साह' और 'आशा' में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

खण्ड—स **2×14=28**

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **500** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 14 अंक का है।

10. 'तुलसी के सामंत विरोधी मूल्य' निबन्ध का सार अपने शब्दों में लिखिए।